**2024**

Anandaram Dhekial Phookan College Library
Acc. No.
Date
* Nagaon : Assam *

# HINDI

( Honours Core )

Paper : HIN–HC–4016

**( भाषाविज्ञान, हिन्दी भाषा एवं देवनागरी लिपि )**

*Full Marks* : 80

*Time* : 3 hours

*The figures in the margin indicate full marks for the questions*

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए : 1×10=10

(क) "भाषा यादृच्छिक ध्वनि-प्रतीकों की व्यवस्था है।" भाषा की इस परिभाषा में आए 'यादृच्छिक' शब्द का आशय क्या है?

(ख) भाषाविज्ञान और व्याकरण के बीच विद्यमान किसी एक समानता का उल्लेख कीजिए।

(ग) 'मनोभाषाविज्ञान' में भाषा के किस पक्ष का अध्ययन किया जाता है?

(घ) भाषा की सहज इकाई क्या है?

(ङ) 'स्वर' शब्द संस्कृत की किस धातु से बना है?

(च) उच्चारण-स्थान की दृष्टि से 'ह' (हिन्दी आदि की) किस प्रकार की ध्वनि है?

(छ) 'अनु' उपसर्ग का प्रयोग करके दो शब्द बनाइए।

(ज) 'अर्थादेश' का तात्पर्य क्या है?

(झ) 'अवधी' बोली की उत्पत्ति किस अपभ्रंश से हुई है?

(ञ) ब्राह्मी लिपि की किस शैली से कालांतर में देवनागरी लिपि का उद्‌भव हुआ?

**2.** निम्नलिखित प्रश्नों के अति संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 2×5=10

(क) बोली किसे कहते हैं?

(ख) भाषा-परिवर्तन के कारण 'प्रयत्न-लाघव' के कोई दो उदाहरण दीजिए।

(ग) दंत्य-ध्वनि किसे कहते हैं? हिन्दी की किन्हीं दो दंत्य-ध्वनियों का उल्लेख कीजिए।

(घ) सरल वाक्य और मिश्र वाक्य के एक-एक उदाहरण प्रस्तुत कीजिए।

(ङ) आधुनिककालीन हिन्दी की कोई दो व्याकरणगत विशेषताएँ बताइए।

**3.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **चार** के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 5×4=20

(क) "भाषा आद्यन्त सामाजिक वस्तु है।" भाषा की इस विशेषता पर प्रकाश डालिए।



Anandaram Dhekial Phookan College Library
Acc. No. ............
Date............
* Nagaon : Assam *



(ख) ओष्ठों की स्थिति और उच्चारण-समय (मात्रा) के आधारों पर स्वर-ध्वनियों के वर्गीकरण पर विचार कीजिए।

(ग) वाक्य की परिभाषा प्रस्तुत करके उसका विश्लेषण कीजिए।

(घ) शब्द और रूप में अंतर बताइए।

(ङ) 'अर्थ-विस्तार' पर सोदाहरण विचार कीजिए।

(च) देवनागरी लिपि के सुधार की आवश्यकता पर प्रकाश डालिए।

**4.** निम्नलिखित प्रश्नों के सम्यक् उत्तर दीजिए : 10×4=40

(क) भाषाविज्ञान के प्रमुख अंगों का विवेचन कीजिए।

**अथवा**

साहित्य, शरीरविज्ञान और भूगोल के साथ भाषाविज्ञान के संबंध पर विचार कीजिए।

(ख) व्यंजन-ध्वनि को परिभाषित करते हुए प्रयत्न के आधार पर व्यंजन-ध्वनियों के वर्गीकरण पर प्रकाश डालिए।

**अथवा**

वाक्य-परिवर्तन के प्रमुख कारणों को स्पष्ट कीजिए।

(ग) अर्थ किसे कहते हैं? शब्द और अर्थ के संबंध पर सटीक चर्चा कीजिए।

**अथवा**

अर्थ-परिवर्तन के किन्हीं पाँच कारणों पर सोदाहरण विवेचन कीजिए।

(घ) ध्वनि, व्याकरण, शब्द-भंडार और साहित्यिक प्रयोग की दृष्टि से मध्यकालीन हिन्दी की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

**अथवा**

देवनागरी लिपि की विशेषताओं का खुलासा कीजिए।

★★★

Anandaram Dhekial Phookan College Library
Acc. No.
Date
* Nagaon : Assam *